REFERENCES BY THE SPEAKER

(i) Obituary Reference

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व साथी श्री भीम प्रसाद दाहल के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री भीम प्रसाद दाहल सिक्किम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं, 12वीं और 13वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री दाहल कृषि संबंधी समिति, खाद्य नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति तथा विदेशी मामालों संबंधी समिति के सदस्य रहे। श्री भीम प्रसाद दाहल का निधन 67 वर्ष की आयु में 5 मार्च, 2022 को गंगटोक, सिक्किम में हुआ।

हम अपने पूर्व साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है।

(ii) 77th Anniversary of Dropping of Atomic Bombs on Hiroshima and Nagasaki cities of Japan

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटना के 77 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। 6 और 9 अगस्त, 1945 को क्रमश: हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप हजारों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा लाखों लोग घायल और जीवन भर के लिए अपंग हो गए थे। इस घटना ने पहली बार मानवता को परमाणु बम की विभीषिका से परिचित कराया था।

आज भी हिरोशिमा और नागासाकी के निवासी परमाणु विकिरण के दुष्प्रभाव को झेल रहे हैं। आइए, आज के दिन हम नरसंहार के हथियारों को विश्व से समाप्त करने तथा पूरे विश्व में शांति, भाईचारे और सद्भाव की भावना के प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लें।

अब यह सभा हमारे दिवंगत साथी श्री भीम प्रसाद दाहल और जापान में परमाणु बम गिराए जाने से पीड़ित व्यक्तियों के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन खड़ी रहेगी।

The Members then stood is silence for a short while.

____